# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–26 जून 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गाजियाबाद के साहिबाबाद में सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के स्वर्ण जयंती समारोह में ग्रीन डाटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नये भारत का नया उत्तर प्रदेश बिना किसी रूकावट के अपने विकास यात्रा को आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश ने पिछले आठ वर्ष में अपनी अर्थव्यवस्था को ढाई गुना बढ़ाया है। इस दौरान प्रदेश को लेकर लोगों की सोच में बड़ा परिवर्तन आया है। अब उत्तर प्रदेश बिमारू राज्य नहीं है और न ही उसके लिये पहचान का संकट है। श्री योगी ने कहा कि–

***एक टीम भाव के साथ उत्तर प्रदेश के अंदर डबल इंजन की सरकार ने जो कार्य प्रारंभ किया आज उसका परिणाम आया है कि हम उत्तर प्रदेश के अंदर 6 करोड लोगों को गरीबी रेखा से उभरने में हमें मदद मिली है उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ढाई गुना से अधिक बढ़ाने में हमें मदद मिली है पर कैपिटा इनकम को हमें उत्तर प्रदेश के अंदर ढाई गुना से अधिक बढ़ाने में मदद मिली है। उत्तर प्रदेश में पिछले 8 वर्ष में हमें 50 लाख करोड रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।***

ग्रीन डाटा सेंटर के शिलान्यास कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहारों को देखते हुए सुदृढ़ कानून व्यवस्था, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण और जन–सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उन्होंन कहा है कि आगामी ग्यारह जुलाई से नौ अगस्त तक पावन सावन मास रहेगा। इस दौरान पारम्परिक कांवड़ यात्रा निकाले जाने के साथ, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाये जायेंगे। कल से मोहर्रम भी सम्भावित है। यह पूरा समय राज्य की कानून व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन के लिहाज से काफी संवेदनशील हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ध्यान रखा जाय कि कांवड़ यात्रा और मोहर्रम के दौरान भड़काऊ नारे और हथियारों का प्रदर्शन कतई न होने पाये। ऐसा पाये जाने पर तत्परता से कानून सम्मत कार्रवाई की जाए।

**********

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं की सहयोगी भाषा है और हिन्दी को दूसरी भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी भाषा नहीं समझा जाना चाहिए। जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता। नई दिल्ली में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि–

***नीट, सीयूईटी, ऐसी कई भाषाओं को अब 13 भाषाओं में इसकी परीक्षा ली जाएगी। पहले कभी भी सीएपीएफ के कांस्टेबल की भर्ती में अंग्रेजी या हिंदी में ही आप कर सकते हैं। हम इसको लचीला बनाकर, हमने 13 भाषाओं को इसके परीक्षा देने की अनुमति दी और आज मुझे कहते हुए आनंद है कि 95 प्रतिशत तक परीक्षार्थी अपनी मातृभाषा में कांस्टेबल की परीक्षा देंगे।***

**********

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने घोषणा की है कि अगले साल से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित होंगी। नये प्रारूप के अनुसार प्रारंभिक परीक्षा फरवरी में होगी, जो सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य होगी। मई में होने वाली परीक्षा वैकल्पिक होगी। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए होगी जो अपने प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहते हैं। फरवरी की परीक्षा का परिणाम अप्रैल में और मई में होने वाली परीक्षा का परिणाम जून में आएगा।

**********

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में चार जुलाई से तीन दिवसीय आम महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी प्रदेश के उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज संवाददाताओं से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि आम महोत्सव में आठ सौ से ज्यादा प्रजाति के आम का प्रदर्शन किया जायेगा। इसमें आम उत्पादक, खरीददार और किसान समूह हिस्सा लेंगे। आम का निर्यात करने वाले भी इस महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। श्री सिंह ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में आसमान में छिटपुट बादल छाये हुए हैं। तेज रफ्तार से हवा चलने के कारण धूप के बावजूद लोगों को गर्मी से राहत है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुयी हैं, इन परिस्थितियों के कारण प्रदेश के अधिकांश जिलों में कुछ स्थानों पर अगले चार दिनों तक गरज–चमक के साथ वर्षा का पूर्वानुमान है। उधर, रूक–रूक कर वर्षा होने से प्रदेश के पश्चिमी जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। जिन जिलों में बाढ़ की आशंका है वहां जिला प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया है।

**********